# पैराग्राफ फॉर्मेट करना (Formatting Paragraphs)

# 14

## उद्देश्य (Objectives)

इस पीरियड के अन्त में आप जान पाएँगे :

- लाइनों और पैराग्राफों के बीच स्पेस या खाली जगह इन्सर्ट करना।
- टैक्स्ट को इन्डैन्ट करना।
- टेब स्टोप्स को इन्सर्ट करना।
- पेज ब्रैक्स को इन्सर्ट करना
- कॉलम ब्रेक्स (Column Breaks) को इन्सर्ट करना।
- सैक्शन ब्रेक्स (Section Breaks) को इन्सर्ट करना।

## लाइन और पैराग्राफ में स्पेसिंग करना (Line and Paragraph Spacing)

MS-Word आपको लाइनों और पैराग्राफ में स्पेसिंग व्यवस्थित करने की क्षमता प्रदान करता है। यह आपके टैक्स्ट को देखने में साफ और समझने में आसान बनाता है।

पैराग्राफ में स्पेसिंग निश्चित करने के लिए,

1. *Format* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Paragraph* विकल्प पर क्लिक करें। Paragraph डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।
3. *Indents and Spacing* टेब को सिलैक्ट करें।
4. Spacing सैक्शन में वैल्यू या मान को निश्चित करें (देखें चित्र 14.1)।


- यदि आप पैराग्राफ के ऊपर खाली जगह देना चाहते हैं, तो *Before:* स्पिनर बॉक्स में अपनी ज़रूरत की वैल्यू को निश्चित करें।
- यदि आप एक पैराग्राफ के बाद स्पेस देना चाहते हैं, तो *After:* स्पिनर बॉक्स में अपनी ज़रूरत की वैल्यू को निश्चित करें।



©NIIT

लाइन स्पेसिंग को निश्चित करने के लिए,

1. *Format* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Paragraph* विकल्प पर क्लिक करें। *Paragraph* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।
3. *Indents and Spacing* टेब को सिलैक्ट करें।
4. *Line spacing:* लिस्ट बॉक्स में से अपनी ज़रूरत के विकल्प को चुनें (देखें चित्र 14.2)।




चित्र 14.1: Paragraph डायलॉग बॉक्स

अलग–अलग तरह की लाइन स्पेसिंग हैं:

- Single
- 1.5 lines
- Double
- At least
- Exactly
- Multiple


*Single* विकल्प डॉक्यूमैन्ट में मौजूद प्रत्येक दो लाइनों के बीच में एक लम्बवत स्पेसिंग सैट करता है।

©NIIT

ठीक इसी प्रकार, *1.5 Lines and Double* विकल्प, डॉक्यूमैन्ट में प्रत्येक दो लाइनों के बीच में 1.5 और 2 की लम्बवत स्पेसिंग सैट करता है।

*Multiple* विकल्प का इस्तेमाल मल्टीपल या एक से ज़्यादा लाइन स्पेसिंग देने के लिए किया जाता है।

अन्तिम तीन विकल्पों के लिए, आप *At* स्पिनर बॉक्स में स्पेसिंग को निश्चित कर सकते हैं (देखें चित्र 14.2)।




चित्र 14.2: लाइन स्पेसिंग विकल्पों को दिखाता हुआ Paragraph डायलॉग बॉक्स


## इन्डैन्टेशन (Indentation)

इन्डैन्ट्स, पैराग्राफ के बाँई और दाँई ओर के मार्ज़िन को परिभाषित करता है। जब आप टैक्स्ट को इन्डैन्ट करते हैं, तो टैक्स्ट बाँई और दाँई तरफ के मार्ज़िन्स में एलाइन हो जाता है।

टैक्स्ट को इन्डैन्ट करने के लिए,

1. *Format* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Paragraph* विकल्प पर क्लिक करें। Paragraph डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है (देखें चित्र 14.3)।
3. *Indentation* सैक्शन में, ection, specify the *Left and Right* मार्ज़िन की वैल्यूज़ को निश्चित करें।

- *Special* विकल्प पहली लाइन के इन्डेन्टेशन में फेरबदल करता है, जिसका सम्बन्ध बाकी के पैराग्राफ से हो।
- *First Line* विकल्प, पैराग्राफ की पहली लाइन को इन्डैन्ट करता है।
- पैराग्राफ की पहली लाइन को छोड़कर यदि आप बचे हुए पैराग्राफ को इन्डैन्ट करना चाहते हैं, तो आप *Hanging* विकल्प को इस्तेमाल कर सकते हैं।
- *By list* बॉक्स, आपको उस स्थिति को निश्चित करने की अनुमति देता है, जहाँ से आप पहली लाइन शुरूआत करना चाहते हैं।




चित्र 14.3: Paragraph डायलॉग बॉक्स, Indentation विकल्प को दिखाता हुआ

## टेब स्टोप्स को इन्सर्ट करना (Inserting Tab Stops)

टैक्स्ट में एक से ज़्यादा स्पेस देने के लिए, आप टेब का इस्तेमाल करें। हर समय आप टेब का इस्तेमाल करते हैं, Word अपने आप 0.5 इंच के स्पेस को इन्सर्ट करता है। हालाँकि, आप डिफॉल्ट वैल्यू को बदल सकते हैं।


वैल्यू बदलने के लिए,

1. *Format* मेन्यू पर क्लिक करें।

2. *Paragraph* विकल्प पर क्लिक करें। Paragraph डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।
3. *Tabs* बटन पर क्लिक करें। Tabs डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है (देखें चित्र)।
4. *Tab stop position* टैक्स्ट बॉक्स में अपनी ज़रूरत की वैल्यू को निश्चित करें।
5. *Set* बटन पर क्लिक करें।
6. *OK* बटन पर क्लिक करें।

*Leader* विकल्प, डॉटिड लाइनों से खाली जगह को भर देता है।

| टिप | वैकल्पिक रूप से, `Tab` डायलॉग बॉक्स तक पहुँचने के लिए, *`Format`* मेन्यू पर मौजूद *`Tabs`* विकल्प पर क्लिक करें। |
| --- | --- |




चित्र 14.4: Tabs डायलॉग बॉक्स

डिफॉल्ट टेब वैल्यू बदलने के अलावा, आप टेब की स्थिति की अलाइनमेन्ट को भी बदल सकते हैं।

Left, Center, Right, Decimal और Bar अलाइनमेन्ट होते हैं।

- *Left* विकल्प, टैक्स्ट को टेब के बाँई ओर एलाइन करता है।
- *Right* विकल्प, टैक्स्ट को टेब के दाँई ओर एलाइन करता है।
- *Center* विकल्प, टैक्स्ट को टेब स्टोप के बीच में एलाइन करता है।


- *Decimal* विकल्प, दशमलव को टेब स्टोप पर एलाइन करता है। बिना दशमलव के टैक्स्ट या नम्बर्स टेब के बाँई ओर बढ़ जाते हैं।
- *Bar* विकल्प, टेब स्टोप पर लम्बवत लाइन को इन्सर्ट करता है।

# पेज ब्रेक (Page Break)

पेज ब्रेक वह बिन्दु या प्वाईन्ट होता है, जिस पर एक पेज का अन्त होता है और दूसरे पेज की शुरूआत होती है।

MS-Word आपके लिए, अपने आप ही पेज ब्रेक इन्सर्ट करता है। आप डॉक्यूमैन्ट में भी पेज ब्रेक इन्सर्ट कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए, निम्नलिखित चरणों को करें,

1. *Insert* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Break* विकल्प पर क्लिक करें। *Break* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है, जैसा कि चित्र 14.5 में दिखाया गया है।
3. *Page break* विकल्प पर क्लिक करें।
4. *OK* बटन पर क्लिक करें।




चित्र 14.5: Break डायलॉग बॉक्स

| | |
|---|---|
| टिप | वैकल्पिक रूप से, आप `Ctrl` और `Enter` कीज़ को दबाकर पेज ब्रेक इन्सर्ट कर सकते हैं। |

# कॉलम ब्रेक्स इन्सर्ट करना (Inserting Column Breaks)

मल्टी–कॉलम लेआउट टैक्स्ट में, आपको कॉलम के अन्त में और नए कॉलम के शुरूआत में कॉलम ब्रेक्स को इन्सर्ट करना पड़ता है। नार्मल व्यू में, कॉलम ब्रेक एक डॉटिड लाइन की तरह दिखाई देता है।

©NIIT

कॉलम ब्रेक इन्सर्ट करने के लिए:

1. *Insert* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Break* विकल्प पर क्लिक करें। *Break* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।
3. Break types सैक्शन से *Column break* विकल्प को सिलैक्ट करें।
4. *OK* बटन पर क्लिक करें। नया कॉलम बन जाता है।

## सैक्शन ब्रेक्स इन्सर्ट करना (Inserting Section Breaks)

प्रत्येक Word डॉक्यूमैन्ट में, डिफॉल्ट रूप से एक ही सैक्शन होता है। यदि डॉक्यूमैन्ट में कई अध्याय हैं, तो प्रत्येक अध्याय को एक अलग सैक्शन में किया जा सकता है।

डॉक्यूमैन्ट में प्रत्येक सैक्शन में अपनी खुद की फॉर्मेटिंग होती है। मार्ज़िन्स, पेज ऑरियन्टेशन, हैडर्स और फुटर्स, पेज नम्बर्स का सिक्वैन्स इत्यादि, फॉर्मेटिंग के कुछ पैरामीटर्स हैं।

Word आपको, सैक्शन ब्रेक्स के इस्तेमाल द्वारा, डॉक्यूमैन्ट को सैक्शनों में बाँटने की अनुमति देता है। *section break* वह मार्क होता है, जो एक सैक्शन के अन्त और दूसरे सैक्शन की शुरूआत को बताता है।

डॉक्यूमैन्ट के सैक्शनों में बँटने से पहले, इसमें फॉर्मेटिंग के निश्चित सैट होने चाहिए। ये फॉर्मेट सैक्शन ब्रेक्स देने के बाद भी, हमेशा स्थित रहते हैं।


| | |
|---|---|
| नोट | सैक्शन ब्रेक, `Normal` व्यू में "`Section Break`" वर्डस के साथ डबल डॉटिड लाइन की तरह दिखाई देता है। |

सैक्शन ब्रेक इन्सर्ट करने के लिए:

1. कर्सर को उस जगह पर रखें, जहाँ आप सैक्शन ब्रेक को इन्सर्ट करना चाहते हैं।
2. *Insert* मेन्यू पर क्लिक करें।
3. *Break* विकल्प पर क्लिक करें।


   *Break* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है, जैसा कि चित्र 14.6 में दिखाया गया है।
4. Break डायलॉग बॉक्स के *Section Breaks* एरिया में निम्नलिखित में से कोई एक विकल्प सिलैक्ट करें।
   - सैक्शन ब्रेक जोड़ने के लिए *Next Page* रेडियो बटन पर क्लिक करें और नए सैक्शन की शुरूआत अगले पेज के ऊपर से करें।
   - सैक्शन ब्रेक इन्सर्ट करने के लिए *Continuous Page* रेडियो बटन पर क्लिक करें और उसी पेज पर, पिछले सैक्शन के नीचे नए सैक्शन की शुरूआत करें।
   - सैक्शन ब्रेक इन्सर्ट करने के लिए *Even Page* रेडियो बटन पर क्लिक करें और सैक्शन ब्रेक की शुरूआत सम संख्या वाले पेज से करें।
   - सैक्शन ब्रेक इन्सर्ट करने के लिए *Odd Page* रेडियो बटन पर क्लिक करें और विषम संख्या वाले पेज से सैक्शन पेज की शुरूआत करें।

5. *OK* बटन पर क्लिक करें।




चित्र 14.6 : Break डायलॉग बॉक्स

विभिन्न प्रकार के सैक्शन ब्रेक नीचे चित्र 14.7 में दिखाए गए हैं।




Next Page सैक्शन ब्रेक

Continuous सैक्शन ब्रेक

Odd या Even Page सैक्शन ब्रेक

चित्र 14.7 : सैक्शन ब्रेक के प्रकार

# चर्चा के लिए (To Discuss)

**रिक्त स्थान भरें (Fill in the blanks)**

1. ____________ विकल्प का इस्तेमाल एक से अधिक लाइन की स्पेसिंग देने के लिए किया जाता है।
2. ____________ लैफ्ट और राइट मार्जिन को निर्धारित करता है।
3. टैक्स्ट को एक ही बार में एक से अधिक लाइन स्पेसिंग में ले जाने के लिए ____________ का इस्तेमाल किया जता है।
4. ____________ विकल्प को टैब स्टॉप पर लम्बवत रेखा डालने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।
5. ____________ वह बिन्दु है जिसमें एक पेज ख़त्म और दूसरा शुरू होता है।

©NIIT

# अब आप जानते हैं (Now You Know)

- *Lines and Spacing* विकल्प आपको लाइनों और पैराग्राफ के बीच एक सा अन्तर रखने की सुविधा देता है।
- इसमें कई तरह की लाइन स्पेसिंग होती हैं।
- इन्डैन्ट पैराग्राफ के दाएँ और बाएँ मार्जिन को निर्धारित करते हैं।
- इन्डैन्ट विकल्प का इस्तेमाल करते हुए टैक्स्ट को दाएँ और बाएँ मार्जिन के बीच अलाइन किया जा सकता है।
- Tab stops आपको एक बार में एक से अधिक स्पेसिज़ मूव करने की सुविधा देता है।
- *Page break* विकल्प का इस्तेमाल नया पेज शुरू करने के लिए किया जाता है।
- Word अपने आप पेज ब्रेक इन्सर्ट कर देता है।